**NEWS CLIPPING: 07.05.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC BOSE UNIVERSITY ORGANIZES SEMINAR ON WOMEN EMPOWERMENT



**FARIDABAD, :** J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA Faridabad, in association with Etrain Education Private Limited, today organised a seminar on Women Empowerment in the University Auditorium. The seminar was conducted by the Employment and Training Office for the benefit of students. As many as 150 girl students have participated actively in the program. Ms. Aashi Aggarwal, Director, Etrain Education Private Limited was keynote speaker in the seminar and encouraged students to pursue their dreams in life and motivated them to strengthen their wings through technology and soft power to give flight to their dreams. She urged them to take their rightful place in the society and told them that they are the future leaders of our nation. She has introduced the program run in association with NASSCOM Foundation and Government Support. She informed that the program is designed to help girls to develop their technical, leadership, and essential life skills along with building up their confidence. She apprised that the program was envisaged especially for girls, to prepare them for leadership roles in the future and empower them to be change makers. This program will be free of cost to the girls and on successful completion will be offered a certificate from IBM and NASSCO foundation. The speaker also ensured the students that placement is guaranteed after the successful completion of the program. She also spoke about Etrain Education Private Limited which is an Education Technology Company and provides end to end services for Microsoft, Adobe, Autodex, IBM, HPE, Tally, EC-council, Apple and Cengage ed2go education products. Mr. Ajay Sharma, Head of J C Bose Technology Business Incubator proposed the vote of thanks and emphasized that such programs are not only good for employment but opens the door for self-employment and start-up opportunities for the youngsters.

**NEWS CLIPPING: 07.05.2022**

# AMAR UJALA

## महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए की ओर से विश्वविद्यालय सभागार में महिला सशक्तिकरण पर एक सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इट्रेन एजुकेशन की निदेशक आशी अग्रवाल सेमिनार में मुख्य वक्ता रहीं। आशी ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं को उनके आत्मविश्वास के निर्माण के साथ-साथ तकनीकी, नेतृत्व और आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए बनाया गया है। प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि छात्राओं को लाभान्वित करने के लिए इस कार्यक्रम का निशुल्क आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सपना तनेजा, डॉ. भावना और डॉ. प्रशांत, पंकज भार्गव और ईटीओ की छात्र समिति के अन्य सदस्यों ने किया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 07.05.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस में हुई महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद द्वारा इंट्रेन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आज विश्वविद्यालय सभागार में महिला सशक्तिकरण पर एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के रोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यालय द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इंट्रेन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक आशी अग्रवाल सेमिनार में मुख्य वक्ता रहीं और उन्होंने छात्राओं को जीवन में अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि उनके सपनों को उड़ान देने में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छात्राओं को समाज में अपनी जगह बनाने का आह्वान किया और बताया कि कैसे वे देश के भविष्य का नेतृत्व कर सकती है। उन्होंने नैसकॉम फाउंडेशन और सरकारी सहायता के सहयोग से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम छात्राओं को उनके आत्मविश्वास के निर्माण के साथ-साथ तकनीकी, नेतृत्व और आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से छात्राओं के लिए तैयार गया है, ताकि उन्हें भविष्य में नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सके और उन्हें परिवर्तन निर्माता बनने के लिए सशक्त बनाया जा सके। यह कार्यक्रम लड़कियों के लिए निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है और इसके सफलतापूर्वक संपन्न होने पर आईबीएम और नासको फाउंडेशन द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा।



सेमिनार को संबोधित करती हुई इंट्रेन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक आशी अग्रवाल।